गरीबों को बेहतरीन मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य: शक्ति शर्मा

525 हृदय रोगियों को जांचा

अंबाला हेल्थकेयर एंड वेलफेयर सोसायटी के 15वें शिविर में 1260 रोगियों का किया चेकअप

आज समाज नेटवर्क

अंबाला सिटी। अंबाला हेल्थकेयर एंड वेलफेयर सोसायटी ने अंबाला क्लब सिटी में मेगा मुफ्त मेडिकल कैंप लगाया। इसमें फोर्टीज अस्पताल मोहली के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जीएस कालड़ा व उनकी टीम ने 525 हृदय रोगियों की जांच की।

अंबाला हेल्थकेयर एंड वेलफेयर सोसायटी की चेयरपर्सन शक्ति रानी शर्मा पूरे शिविर को के दौरान व्यवस्थित करने में भी सराहनीय योगदान दिया। उन्होंने सिटी, कैंट और दूर-दराज से आए रोगियों से भी बातचीत की। शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि सोसायटी ने 15वां शिविर लगाया है। उन्होंने बताया कि अभी तक सिटी, कैंट, कालका, पिंजौर सहित असा-पास के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए शिविरों में 900 से अधिक गरीब लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जा चुके हैं। इसी प्रकार 50 से ज्यादा गरीब लोगों को डैंचर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी का मुख्य मकसद गरीब लोगों को ऐसे विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं मुफ्त उपलब्ध कराना है, जो सेवाएं अकसर सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध नहीं होतीं। उन्होंने शिविर को सफल बनाने में अंबाला क्लब के प्रधान डॉ. एसएस आहलूवालिया व उनकी टीम का भी आभार व्यक्त किया।

शिविर में कुल 1260 रोगियों का चेकअप कर उन्हें मुफ्त दवाईयां दी गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी शर्मा की टीम ने 500 नेत्र रोगियों की जांच की। इनमें से 48 मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों के उनके अस्पताल में मुफ्त ऑपरेशन किए जाएंगे। दंत रोग विशेषज्ञ डा. सन्नी सिंह आहलूवालिया ने अपनी मोबाइल डेंटल वैन में 160 लोगों का, चिल्ड्रन अस्पताल पंचकूला के डॉ. राजेन्द्र सेठी व डॉ. संदीप ने 23 बच्चों का चेकअप किया। इसी अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतना ने 36 महिलाओं का और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. ऋषि गौतम अग्रवाल ने 57 रोगियों का चेकअप किया।

फोर्टीज अस्पताल के ही डॉ. असीम राजपाल और डॉ. अनिक ने डॉ. कालड़ा से पूर्व सभी हृदय रोगियों का चेकअप कर उनकी बीमारी का ब्यौरा लिया। डॉ. विवेकशील मल्होत्रा व डॉ. रितेश ने भी 50 से अधिक क्षय व अन्य रोगियों की जांच की। शिविर में 478 लोगों की शुगर, 152 लोगों की ईसीजी व 142 लोगों को इको टेस्ट किया गया।

कैंप में बच्ची का हालचाल पूछतीं विधायक विनोद शर्मा की धर्मपत्नी शक्तिरानी शर्मा।

अगला कैंप 26 अगस्त को रायपुररानी में: गौतम

सोसायटी के सचिव एसडी गौतम ने बताया कि अगला कैंप 26 अगस्त को एलकेमिस्ट अस्पताल पंचकूला के डॉक्टरों के सहयोग से रायपुररानी में लगाया जाएगा। इस अवसर पर अंबाला हेल्थकेयर एंड वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी बिमला बंसल, जगमोहन शर्मा, मुकेश जोशी, सीपी अग्रवाल, संजय, देवेन्द्र शर्मा, रजनीश शर्मा, अंबाला क्लब के सचिव संजीव वशिष्ठ, खजांची कैप्टन पीके नंदा, कार्यकारी सदस्य नंदिनी बतरा, पवन चुघ, मयंक पोपली, आरपीएस भाटिया, मनीष मंगल, आशीष सांगी, योगेश भटनागर, पीपी पपनेजा, नवीन गुलाटी मौजूद थे।

तीनों क्लब में संबद्धता कराने की करें कार्रवाई

अंबाला सिटी। अंबाला क्लब सिटी की चंडीगढ़ क्लब चंडीगढ़ और फिनिक्स क्लब कैंट के साथ संबद्धता (एफिलिएशन) कराने के बारे में जल्द कार्रवाई की जाएगी। रविवार को क्लब में आयोजित मेडिकल कैंप के बाद क्लब के प्रधान डा. एसएस आहलूवालिया को सिटी विधायक विनोद शर्मा ने यह आश्वासन दिया। डा. आहलूवालिया ने बताया कि उनके क्लब में करीब 650 सदस्य हैं और इसी प्रकार फिनिक्स क्लब के सदस्यों की संख्या 950 से अधिक है। उन्होंने बताया कि सिटी में रहने वाले काफी ऐसे लोग हैं, जो फिनिक्स क्लब के सदस्य हैं, जबकि कैंट में रहने वाले कई लोग अंबाला क्लब के सदस्य हैं। इसी प्रकार चंडीगढ़ में रहने वाले कई लोग सिटी व छावनी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि तीनों क्लब की आपस में एफिलिएशन हो जाएगी तो तीनों क्लबों के सदस्यों को काफी लाभ होगा। विधायक ने क्लब के सदस्यों को आश्वासन दिया है कि वह इस कार्य को जल्द से जल्द कराने के लिए अपनी ओर से पूरी कोशिश करेंगे। इसी प्रकार क्लब के सदस्यों के अनुरोध पर उन्होंने क्लब के चेयरमैन एवं डीसी शेखर विद्यार्थी को क्लब में सदस्यों की सुविधा के लिए तरणताल बनाने के लिए कहा। इस अवसर पर एसडीएम मुकेश आहूजा, क्लब के सचिव संजीव वशिष्ठ, खजांची कैप्टन पीके नंदा, कार्यकारी सदस्य नंदिनी बतरा, पवन चुघ, मयंक पोपली, आरपीएस भाटिया, मनीष मंगल, आशीष सांगी, योगेश भटनागर, पीपी पपनेजा, नवीन गुलाटी और प्रबन्धक आरएस भाटिया मौजूद थे।

MEWAR UNIVERSITY
(A University u/s 2(f) of the UGC Act 1956, established by Govt. of Rajasthan Act 4 of 2009 with the right to confer degrees u/s 22(1) of the UGC Act)
Ph.: 9811614003, 9910359539, 9911310098, 9456295031
ADMISSIONS FOR SESSION 2012-13
BA BBA LL.B (Integrated, 5Yrs) 25,000/- PER SEMESTER
LL.B (3Yr.) 30,000/-PA
LL.M (2Yr.) 40,000/-PA
100% Placement in LAW Firms
B.Tech (4 yrs.)
B.Tech + M.Tech Integrated Dual Degree (5 yrs.)
B.Tech + MBA Integrated Dual Degree (5 yrs.)
Branches: Automobile, Chemical, Civil CSE, EE, ECE, EEE, MECH
Hostel for Girls & Boys

CPCB Approved
Fuel Efficient LUMINOUS DIESEL GENERATOR
POWER to Change Your Life
Diesel Generators are available in